तापमान

अधिकतम 43.6 डिग्री
न्यूनतम 21.2 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 23 मई 2025


12 7 किलोग्राम नशीले पदार्थों के साथ दो आरोपी काबू



12 नगर परिषद ने तय नहीं किया दुकानों का किराया



## खबर संक्षेप

### मादक पदार्थ तस्कर को पकड़ा, रिमांड पर लिया

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने गांव सिवाह के नजदीक रोहतक बाईपास पर एक्टिवा सवार नशा तस्कर अनवर पुत्र रूपचंद निवासी गांव वैसर जिला पानीपत को चार किलो गांजा मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया है। सीआईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि अनवर के खिलाफ थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया और उसे कोर्ट में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया है। ताकि अनवर से जानकारी लेकर उसके साथियों को भी गिरफ्तार किया जा सके।

### वाहन की चपेट में आने से ग्रामीण की मौत

**समालखा।** समालखा में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से चरण सिंह निवासी गांव फरमाना जिला रोहतक की मौत हो गई। चरण सिंह, अपनी बाइक पर सवार होकर समालखा से अपने गांव लौट रहा था। वहीं, समालखा थाना पुलिस ने मृतक के भाई दीपक की शिकायत पर अज्ञात वाहन के चालक पर गैर इरादन हत्या के आरोप में केस दर्ज किया और पोस्टमार्टम के बाद चरण सिंह का शव उसके परिजनों को सौंप दिया।

### अवैध असला सप्लायर गिरफ्तार, मामला दर्ज

**पानीपत।** थाना मतलौडा पुलिस ने अवैध असला सप्लाई करने वाले दो आरोपियों मोहन उर्फ बोली निवासी देहलका व सिद्धांत निवासी होडल जिला पलवल को गिरफ्तार किया है। वहीं, थाना मतलौडा प्रभारी पवन ने बताया कि इस मामले में थाना मतलौडा में आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज है।

### देसी कट्टा व जिंदा रौंद सहित आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी क्षेत्र गांधी ग्राउंड से अवैध हथियारों की तस्करी मामले में सीआईए-2 ने आरोपी अनिकेत को देसी कट्टा व जिंदा रौंद सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए-2 को सूचना मिली थी कि आरोपी के पास अवैध हथियार है। वह गांधी ग्राउंड में घूम रहा है। वह किसी भी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता है। तब पुलिस ने रेड कर आरोपी के काबू कर लिया।

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लाडवा की ऐतिहासिक एवं विशाल तिरंगा यात्रा में की शिरकत

# ऑपरेशन सिंदूर को युगों-युगों तक देश के वीर सैनिकों के सम्मान के रूप में याद रखा जाएगा

### यात्रा में लोगों का जोश और जज्बा देखने को मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र/लाडवा

- यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा के साथ स्वागत

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में मानवीयता, तकनीकी, दक्षता और तेज राजनीति का अदभुत संगम देखने को मिला है। इस ऑपरेशन सिंदूर यात्रा को युगों-युगों तक देश के वीर सैनिकों के सम्मान के रूप में याद रखा जाएगा।

इन सैनिकों के शौर्य,साहस को नमन करने के लिए देश ही नहीं पूरे प्रदेश में तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया गया। इन तिरंगा यात्राओं में प्रदेश के करोड़ों लोगों के जोश और जज्बा देखने को मिला है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी वीरवार को लाडवा नए बस स्टैंड पर आयोजित ऑपरेशन सिंदूर तिरंगा यात्रा में प्रदेशवासियों को सम्बोधित कर रहे थे। इसके बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अगुवाई में नए बस स्टैंड से एक ऐतिहासिक और यादगार तिरंगा यात्रा आगे बढ़ी। यह तिरंगा यात्रा श्री राम कुंडी चौक, मेन बाजार,संगम मार्किट, हिनोरी चौक, डा. बीआर अंबेडकर चौक से होती हुई श्री रामकुंडी एवं धर्मशाला पर सम्पन्न हुई। इस तिरंगा यात्रा के जोश और जज्बे को लाडवा की हर गली और मोड पर देखा गया। इस यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया और लोगों ने देश के वीर जवानों के सम्मान में जयकारे लगाए। इन जयकारों की आवाज लाडवा शहर के हर कोने में सुनाई दी गई। इतना ही नहीं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने तिरंगा यात्रा के मार्ग पर शहीद मदन लाल ढींगडा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके उपरांत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रामकुंडी धर्मशाला के सभागार में पहलगाम के बलिदानियों को पुष्पर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हमारे सैनिकों ने पाकिस्तान की सिरजमीं पर जाकर आतंकवाद को नेस्तनाबूद करने का काम किया है। ऐसा करके संदेश दिया कि भारत की संप्रभुता की तरफ आंख उठाने का अंजाम बहुत बुरा होता है। पाकिस्तान की जमीं पर जाकर उनके आतंकवादी अड्डों को चुन-चुन कर मिट्टी में मिलने का काम जांबाज सैनिकों ने किया है। पाकिस्तान के 11 एयर बेस को नेस्ताबूद करने का काम किया है। हमारे सैनिकों ने मिसाइल पाकिस्तान पर छोड़ी, इसकी गूंज चाइना और अमेरिका तक गई है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जब बात हुई तो सीजफायर से यह दिखाया कि भारत युद्ध का पक्षधर नहीं है, लेकिन जब तक शांति को कमजोरी समझा जाएगा तो भारत चुप भी नहीं रहेगा। यही शौर्य और संयम देश को एक महान राष्ट्र बनाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेना का सशक्तिकरण किया गया है और भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है। इसके लिए हमें गौरव है। प्रदेश की जनता की तरफ से कोटि-कोटि नमन करता हूं।



लाडवा। तिरंगा यात्रा में शामिल मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी। फोटो : हरिभूमि

### प्रतिमा पर माल्यार्पण

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बस अड्डा लाडवा से ऑपरेशन सिंदूर तिरंगा यात्रा की शुरूआत की। मेन बाजार से होते हुए मदनलाल ढींगडा चौक पर पहुंचने पर शहीद मदनलाल ढींगडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए नमन किया। इसके बाद लाडवा-इंद्री रोड हिनोरी चौक, इंद्री चौक से होते हुए रामकुंडी पर संपन्न हुई। तिरंगा यात्रा के दौरान सुगनी देव आर्य गर्ल्स स्कूल की छात्राओं ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का तिलक करते हुए सम्मान किया। संत नामदेव छिंबा समाज सभा और भारत विकास परिषद लाडवा की तरफ से जलसेवा की गई।

### सेवा, समर्पण व स्वाभिमान के साथ बढ़ें युवा

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने युवाओं से आह्वान किया कि संकल्प करके तिरंगे की शान को ऊंचा उठाएं तथा सेवा, समर्पण और स्वाभिमान के पथ पर आगे बढ़े। ऐसे भारत का निर्माण करे जो अपने आप में एक गौरवशाली अतीत से सीख कर भविष्य की और आकर्षक हों। ऑपरेशन सिंदूर के सभी वीर जवानों को फिर से नमन करता हूं। ऑपरेशन सिंदूर तिरंगा यात्रा के तहत लाडवा की एक तिरंगा यात्रा नहीं है, बल्कि राष्ट्रभक्ति के जज्बे और बलिदान की भावना को सच्ची श्रद्धांजलि देने का अवसर है। इस पवित्र आयोजन में इकट्ठा होने से गौरव व समर्पण की भावना एकसाथ उमड़ रही है। यह तिरंगा यात्रा सिर्फ तीन रंगों की यात्रा नहीं है, बल्कि हमारे संकल्प, साहस और स्वाभिमान की यात्रा है।

### प्रदेश के जवान देशसेवा के लिए हमेशा तत्पर

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा की वीरभूमि का नमन करते हुए कहा कि यहां से लाखों जवान भारत माता की सेवा के लिए तत्पर रहते हैं। यह तिरंगा यात्रा वीरों को पूरा देश उनके साथ खड़ा होने का संदेश देने के लिए है। यह यात्रा उन परिवारों को समर्पित है जिनके बेटे-बेटियां ने सेवा करते हुए यह दिखाया है कि तिरंगा केवल एक झंडा नहीं, हमारी आत्मा है, हमारी पहचान है। देशभक्ति हरियाणा की मिट्टी के कण-कण में बसी हुई है। उन्होंने कहा कि उन शूरवीरों के सम्मान की तिरंगा यात्रा है, जिन सैनिकों ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत की अस्मिता, रक्षा और प्रतिष्ठा को उंचाई देने का काम किया है। यह भारतीय सैनिकों के सम्मान का प्रतीक है।

## पुजारी से मारपीट व लूट के चार आरोपी गिरफ्तार

- पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले के प्रतापनगर क्षेत्र के चिकन गांव स्थित अजात आश्रम के पुजारी के साथ मारपीट करने व लूटपाट करने के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने चारों आरोपियों को अदालत में पेश कर पुलि रिमांड पर ले लिया। पूछताछ में आरोपियों से महत्वपूर्ण जानकारियां मिलने की उम्मीद है।

मामले की जांच कर रहे प्रताप नगर के थाना प्रभारी सचिन कुमार ने बताया कि गत 20 मई को उन्हें सूचना मिली थी कि गांव चिकन स्थित अजात आश्रम के पुजारी को रात्रि के समय कुछ नकाबपोश युवकों ने आश्रम में घुसकर मारपीट कर घायल कर दिया। सूचना मिलते ही वह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे तो पुजारी ने बताया कि रात्रि के समय कपड़े मुंह ढ़ांपे दो युवक आश्रम में पहुंच गए। इस दौरान उन्होंने बताया कि उनकी बाइक खराब हो गई और वह आश्रम में रुकना चाहते हैं। पुजारी ने बताया कि उसे युवकों पर शक हुआ और उसने चिकन गांव के लोगों को मामले के बारे में सूचना देने के लिए मोबाइल फोन निकाल लिया। इसी बीच आरोपी दोनों युवकों ने नुकीले हथियार से उस पर हमला करके मारपीट कर घायल कर दिया। बाद में आरोपी पुजारी को मृत समझकर रसोई में बंद करके आश्रम से 50 हजार रुपये व सोने चांदी के आभूषण और दो मोबाइल लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने पुजारी की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच की। इस दौरान उप निरीक्षक रजत शर्मा, मुख्य सिपाई प्रदीप, मनीष व अमन की टीम ने पुख्ता सबूत मिलने पर मामले में चार आरोपियों यूपी के जिला सहारनपुर के गांव शेरपुर पेहलों निवासी खालिक,मुसारिक व आवेश और गांव चांडी गेर निवासी मनोहर को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि चारों आरोपियों को अदालत में पेशकर चार दिन का पुलिस रिमांड ले लिया है। रिमांड के दौरान आरोपियों से महत्वपूर्ण जानकारियां मिलने की उम्मीद है।



यमुनानगर। चिकन अजात आश्रम के पुजारी के साथ मारपीट व लूटपाट करने के मामले में गिरफ्तार किए गए चारों आरोपी पुलिस कस्टडी में बैठे हुए।

### फंदे पर लटका मिला कॉलेज छात्र का शव

**पानीपत।** बीए के छात्र गोपाल हाल निवासी थर्मल कालोनी क्षेत्र, मूल निवासी गांव बरसेन जिला औरियां उत्तर प्रदेश ने अपने कमरे में फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। इधर, गोपाल के भाई ऋषभ ने बताया कि गोपाल अपनी गर्लफ्रेंड से मोबाइल पर चैट कर रहा था। इस दौरान गर्लफ्रेंड को उसके मामा ने पकड़ लिया था। इसके बाद मामा ने गोपाल को डराया धमकाया। वहीं गोपाल धमकियों से डर गया और उसने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने पर थर्मल चौकी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच की। पुलिस ने ऋषभ से घटना की जानकारी ली। जबकि पुलिस ने बताया कि गोपाल ने सुसाइड किया है। उसके पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

- गांव देवधर के नजदीक केसर पेट्रोल पंप के पास हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव देवधर के नजदीक केसर पैट्रोल पंप के पास देर शाम ट्रक की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक गांव भुडकलां का रहने वाला है।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। गांव भुडकलां निवासी रोहताश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भाई 19 वर्षीय रोबिन बाइक पर किसी काम से गया था। शाम को करीब सात बजे जब वह बाइक पर घर वापस लौट रहा था तो गांव देवधर के पास केसर पैट्रोल पंप के सामने गलत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उसके भाई की बाइक को टक्कर मार दी। जिससे उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया।

हादसे के बाद आरोपी ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। राहगिरों ने हादसे क सूचना डायल 112 टीम को दी। डायल 112 की टीम ने मौके पर पहुंचकर उसके भाई को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## डीसी ऑफिस के बाद रेलवे स्टेशन की सुरक्षा कड़ी

- डीसी दफ्तर को बम से उड़ाने की दी गई थी ईमेल से धमकी
- जीआरपी व आरपीएफ ने संयुक्त रूप से चलाया चेकिंग अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

डीसी दफ्तर को बम से उड़ाने की धमकी के बाद से अब अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन की सुरक्षा भी कड़ी कर दी गई है। इसको लेकर वीरवार को रेलवे स्टेशन पर जीआरपी और आरपीएफ ने संयुक्त रूप से चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान रेलवे स्टेशन पर संदिग्ध सामान को जांचा गया।

सुरक्षा की दृष्टि से अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन काफी महत्वपूर्ण है। यहां से रोजाना हजारों की संख्या में लोग अपने गंतव्य तक जाते हैं। जिनकी सुरक्षा के लिए रेलवे पुलिस और जीआरपी ने चेकिंग की।

बता दें कि बीते रोज डीसी ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। इसके बाद सावधानी के तौर पर डीसी ऑफिस की सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। यह धमकी सुबह आधिकारिक ईमेल के जरिए मिली थी। इसके बाद डीसी ऑफिस को बंद कर दिया गया। चेकिंग के दौरान डीसी ऑफिस में कुछ नहीं मिला था। आरपीएफ इंस्पेक्टर रविंद्र सिंह के अनुसार कल डीसी कार्यालय को आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी का ई मेल आया था। जिसके बाद से प्रशासन और पुलिस पूरे तरीके से अलर्ट पर हैं। सुरक्षा अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन की भी कड़ी की गई है। अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर जीआरपी और आरपीएफ ने संयुक्त रूप से चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान डॉग स्क्वॉड की मदद से पूरे रेलवे स्टेशन को खंगाला गया। रेलवे पुलिस का कहना है कि धमकी के बाद से रेलवे अलर्ट पर है। स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। संदिग्धों पर नजर रखी जा रही है।



अंबाला। रेलवे स्टेशन की चेकिंग करते जीआरपी व आरपीएफ के जवान।

## फर्नीचर शोरूम में लगी आग, घरों को भी नुकसान

- दमकल की छह गाड़ियों ने मौके पर पहुंच कर बुझाई आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जगाधरी स्थित एक फर्नीचर के शो रूम में अचानक आग लगने से लाखों का सामान जल गया। दमकल की छह गाड़ियों ने मौके पर पहुंच का काफी मशक्कत के बाद आग को बुझाया। आग की लपटे इतनी भयानक थी कि शो रूम के साथ लगते कई घरों को भी नुकसान पहुंचा। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चला है।

दमकल विभाग के फायर अधिकारी पंकज कुमार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि जगाधरी में राजू धीमान के फर्नीचर शोरूम में अचानक आग लग गई है। मौके पर दमकल कर्मचारी दमकल की गाड़ियों को लेकर मौके पर पहुंचे। इस दौरान एक के बाद एक छह गाड़ियां मौके पर पहुंची। जिसके बाद कई घंटे की मशक्कत के बाद आग को बुझाया गया। जब फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची तब तक आग काफी फैल चुकी थी।



यमुनानगर। जगाधरी में फर्नीचर के शो रूम में लगी हुई आग। फोटो : हरिभूमि

### आग के कारण अज्ञात

आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चला है। वहीं, शो रूम संचालक आग लगने से कितना नुकसान हुआ है का आंकलन कर रहे हैं। मगर प्रारंभिक जांच में बताया जा रहा है कि आग लगने से शो रूम में रखा लाखों का फर्नीचर और अन्य समान जल गया है।

फायर ऑफिसर पंकज कुमार ने बताया कि शो रूम के आसपास काफी मकान है। कुछ मकान भी आग कि चपेट में आए थे । लेकिन समय रहते उस पर हमारे कर्मचारियों ने काबू पा लिया। लेकिन गोदाम में फर्नीचर का काफी नुकसान हुआ है।

### दैनिक यात्री बोले, ट्रेन लेट होने से समय पर ऑफिस नहीं पहुंच पा रहे

## ट्रेन तीन घंटे लेट होने पर भड़के यात्री, की नारेबाजी

- रेलवे को शिकायत पत्र देकर की जरूरी व्यवस्थाएं करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन पर वीरवार को दैनिक यात्रियों ने जमकर हंगामा किया। इसके बाद यात्रियों ने प्रदर्शन कर शिकायत पत्र भी रेलवे अधिकारियों को सौंपा।

रेलवे को सौंपे गए शिकायत पत्र में डेली पैसेंजर्स ने ट्रेन के लेट होने पर ऐतराज जताया। यात्रियों का कहना था कि ट्रेन के लेट होने से उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यात्रियों के अनुसार ट्रेन संख्या 64563 पहले 7.40 बजे अंबाला छावनी से चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन तक चलती थी। लेकिन कई दिनों से ट्रेन का रूट का बदल दिया गया है और अब ट्रेन रायपुर से चलती है जिसके कारण अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन पर यह ट्रेन रोजाना 15-20 मिनट की देरी से पहुंच रही है।

उनका कहना था कि वीरवार तो हद ही हो गई। ट्रेन स्टेशन पर 3 घंटे लेट पहुंची। यात्रियों ने बताया कि अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन से रोज हजारों यात्री चंडीगढ़ नौकरी के लिए जाते हैं लेकिन ट्रेन रोज लेट होने के कारण वह समय पर ऑफिस पर नहीं पहुंच पाते हैं।



अंबाला। रेलवे स्टेशन पर हंगामा करते दैनिक यात्री। फोटो : हरिभूमि

### शिकायत में ये कहा

दैनिक यात्रियों द्वारा रेलवे को दी शिकायत में कहा गया है कि इस ट्रेन से कई लोग अपनी नौकरी पर समय पर नहीं पहुंच पाते हैं। जिसके कारण उनको अन्य महंगे साधन का प्रयोग करना पड़ता है। जिससे वह आर्थिक रूप से भी परेशान हो रहे हैं। उन्होंने मांग की है कि इस ट्रेन को सही समय से चलाया जाए, जिससे यात्रियों का अहित न हो।

यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन को सही समय पर चलाया जाए।

## कॉलेजों में दाखिला प्रक्रिया शुरू 9 जून तक कर सकते हैं आवेदन

- ऑनलाइन एडमिशन पोर्टल के माध्यम से करें अप्लाई

**अंबाला।** हरियाणा उच्चतर शिक्षा विभाग के सौजन्य से शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए जिले के सभी राजकीय एवं गैर-राजकीय महाविद्यालयों में स्नातक में दाखिले की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। जिला उच्च शिक्षा अधिकारी डॉ. खुशीला ने बताया कि इच्छुक छात्र-छात्राएं 9 जून 2025 तक विभाग के ऑनलाइन एडमिशन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

डॉ. खुशिला ने जिले के समस्त पात्र एवं इच्छुक विद्यार्थियों से अपील की है कि वे समय पर पोर्टल पर पंजीकरण कर अपनी पसंद के कॉलेज में दाखिला सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पंजीकरण के बाद संपादन व दस्तावेजों से संबंधित आपत्तियों को दूर करने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी, जिसके पश्चात प्रथम मेरिट लिस्ट दिनांक 16 जून 2025 को जारी की जाएगी। दाखिला प्रक्रिया तीन चरणों में संपन्न होगी, जिसमें प्रथम चरण के अंतर्गत 20 जून से 23 जून 2025 तक काउंसलिंग व फीस जमा करवाने की प्रक्रिया संचालित की जाएगी। इसके उपरांत द्वितीय व तृतीय चरणों की प्रक्रियाएं संपन्न होंगी जिसमें तीसरे व अंतिम चरण की काउंसलिंग 1 जुलाई 2025 को आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थी दाखिले से संबंधित विस्तृत जानकारी जैसे कॉलेज में सीटों की उपलब्धता की जानकारी के लिए विभागीय पोर्टल पर अवश्य संपर्क करें।

# नालों की सफाई में मिली खामी, भड़के सीएसआई ने दी चेतावनी

सीएसआई बोले, नालों की सफाई में भविष्य में मिली खामी तो संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸। यमुनानगर

नगर निगम यमुनानगर जगाधरी के सीएसआई अनिल नैन ने निगम के वार्ड नंबर 19 व 20 के नालों की सफाई का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान यहां केवल नौ कर्मचारी व एक जेसीबी ही नालों की सफाई का कार्य करते मिले। इस दौरान नालों की सफाई का कार्य संतोषजनक नहीं मिला। जिस पर संबंधित ठेकेदार को नालों की सफाई सही ढंग से करने के कड़े निर्देश दिए गए। भविष्य में सफाई कार्य सही न होने पर कार्रवाई की चेतावनी दी।

सीएसआई अनिल नैन ने बताया कि मेयर सुमन बहमनी व नगर निगम आयुक्त अखिल पिलानी के निर्देशों पर उन्होंने निगम के वार्ड 19 व 20 के विभिन्न नालों की सफाई का निरीक्षण किया। विष्णु नगर के नाले के निरीक्षण के दौरान वार्ड 19 के पार्षद हरजीत आनंद ने दो दिन पहले किए गए कार्य को दिखाया। नाले की सफाई का यह कार्य संतोषजनक नहीं मिला।

नाले में गाद भरी हुई थी। केवल ऊपर से ही सफाई का कार्य किया हुआ था। सीएसआई अनिल नैन ने बताया कि संबंधित ठेकेदार को यह सफाई कार्य दिखाया गया और उन्हें कड़े निर्देश दिए गए कि नाले की गहराई तक पूरी सफाई की जाए। नाले की पूरी गाद को साफ किया जाए। ताकि मानसून में नाले ओवरफ्लो न हो। उन्होंने ठेकेदार को निर्देश दिए कि नाले की सफाई आखिरी छोर से करते हुए आएं। सीएसआई अनिल नैन ने कहा कि नालों की सफाई कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## पार्षद ने वार्ड 19 व 20 में दो दिन पहले किया काम सीएसआई को दिखाया



### मानसून से पहले नालों की सफाई हो सुनिश्चित

ठेकेदार पूरे कर्मियों के साथ नालों की सफाई कराएं। मानसून से पहले सभी बड़े नालों की सफाई के लिए कर्मचारियों व संसाधनों में बढ़ोतरी करें। ताकि समय पर नालों का सफाई के कार्य को निपटाया जा सके। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे नाले व नालियों में ठोस कचरा व पॉलिथीन न फेंके। इससे नाले जाम होते है। जिससे आमजन को परेशानी होती है। सीएसआई अनिल नैन ने सभी वार्डों के सफाई निरीक्षकों, सहायक सफाई निरीक्षकों व दरोगाओं को दोपहर बाद दो बजे से पांच बजे तक एक कॉलोनी चिन्हित कर सफाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसमें कोताही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



यमुनानगर। जिला सचिवालय में आयोजित समस्या समाधान शिविर में समस्याएं सुनते हुए एसडीएम।

### समाधान शिविर में आई 20 शिकायतें, निपटाई

**यमुनानगर।** एसडीएम सोनू राम ने बताया कि वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में 20 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। जिनमें कनालसी निवासी राजबीर, मेहलावाली निवासी सुषमा रानी, बुड़िया निवासी मुस्तकीन, चूना भट्टी निवासी वेद प्रकाश व तलाकौर निवासी निवासी माया देवी ने परिवार पहचान पत्र ठीक करवाने बारे समस्या रखी। वहीं, विजय नगर निवासी मामूदीन ने बिजली विभाग से संबंधित समस्या रखी। विष्णुनगर निवासी अमित कुमार ने पानी का कनेक्शन हटवाने बारे, हमीदा निवासी शराफत अली ने नाजायज कब्जा हटवाने बारे समस्या रखी। इसी प्रकार ग्रीन नर्सरी निवासी विजय कुमार ने कैमिकल फैक्ट्री के गंदे पानी की समस्या रखी, बुड़िया निवासी भावना ने रिहायसी इलाके से पशुपालन डेयरी हटवाने बारे, विष्णु नगर निवासी दिनेश कुमार ने नाजायज कब्जा करने बारे, जम्मू कॉलोनी निवासी अश्वनी चौधरी ने जमीन से कब्जा हटवाने, यमुनानगर निवासी राजेश भाटिया ने प्रॉपर्टी आईडी को स्वीकृत न करने व अन्य लोगों ने अपनी शिकायतें रखी। जिनका समाधान करने के लिए उन्हें संबंधित अधिकारियों के पास भेज दिया।

## जिले में बढ़ता जा रहा अपराध का ग्राफ

# चोरों ने तीन स्थानों को बनाया निशाना किशोरी से रेप और विधवा से छेड़छाड़

*महिला से नौकरी और युवक को विदेश भेजने के नाम पर ठगी और प्रताप नगर में नाबालिग से रेप और जठलाना में विधवा के साथ छेड़छाड़ की घटनाएं सामने आईं, रटौली में दुकान, लेदा रोड पर घर, मंगलौर में मुर्गी फार्म को चोरों ने निशाना बनाया*

हरिभूमि न्यूज ▸▸। यमुनानगर

जिले में चोरों ने तीन स्थानों को निशाना बनाकर नकदी समेत हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने तीनों मामलों की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव रटौली निवासी मुनीष कुमार बिरला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव में ही दुकान है। 20 मई को वह दुकान बंद करके किसी काम से बाहर गया था। वापस लौटा तो दुकान में सामान बिखरा मिला। जांच करने पर दुकान के गल्ले से 45 हजार रुपये गायब थे। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### चोरों ने घर का तोड़ा ताला

लेदा रोड निवासी राजेंद्र सिंह ने छछरौली थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 10 मई को घर का ताला लगाकर परिवार के सदस्यों के साथ किसी काम से बाहर गया था। 20 मई को जब वह वापस लौटा तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर घर से इनवर्टर, बैंटरा, एलईडी, जूस मशीन, चांदी का कडा व अन्य सामान गायब मिला। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### मुर्गी फार्म से फीड चोरी

गांव मंगलौर निवासी जसपाल ने बताया कि उसका गांव में ही मुर्गी फार्म है। वह शाम को मुर्गी फार्म से काम खत्म करके घर आ गया था। सुबह जब वह फार्म पर पहुंचा तो वहां से 18 बैग फीड के गायब मिले। इसके साथ ही चोरों ने फार्म से इनवर्टर व बैंटरा भी चोरी कर लिया। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जिले में लगातार बढ़ती आपराधिक घटनाओं से लोगों में रोष देखने को मिल रहा है।




**यमुनानगर।** सीआईए वन की कस्टडी में बैठा हुआ आरोपी हरप्रीत।

### विदेश भेजने के नाम पर 4.30 हजार हड़पे

**यमुनानगर।** रोजगार के लिए विदेश भेजने के नाम पर शहर की महावीर कॉलोनी निवासी अरूण शर्मा से चार लाख 30 हजार रुपये हड़प लिए। झज्जर के गांव सुबाना निवासी रोहित कुमार, उसके पिता भूप सिंह व राजिंद्र कुमार पर आरोप लगा है। पुलिस ने तीनों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। महावीर कॉलोनी निवासी अरूण शर्मा ने बताया कि 2024 में वह पढ़ाई पूरी करने के बाद रोजगार के लिए विदेश जाना चाहता था। इस दौरान उसकी मुलाकात रोहित कुमार, उसके पिता भूप सिंह व राजिंद्र कुमार के साथ हुई। आरोपियों ने कहा कि वह रोजगार के लिए युवाओं को विदेश भेजने का काम करते हैं। पांच लाख में वह उसे भी विदेश भेज देंगे। वह उनकी बातों में आ गया। उसने नवंबर 2024 में चार लाख 30 हजार रुपये व दस्तावेज दे दिए। आरोपियों ने उसे जल्द विदेश भेजने का आश्वासन दिया। काफी दिन बीत जाने के बाद भी आरोपियों ने उसे विदेश नहीं भेजा। जब पूछा तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। जब उसने आरोपियों से पैसे वापस मांगे तो उन्होंने पैसे देने से मना कर दिया और उसके साथ गाली गलौच की। दौबारा पैसे मांगने पर आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### महिला से पर्स छीनने का एक आरोपी काबू

**यमुनानगर।** सीआईए वन की टीम ने महिला से पर्स छीनने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पहले भी एटीएम तोड़कर चोरी करने व छीना झपटी के पांच मामले दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर कार्रवाई शुर कर दी।

सीआईए प्रभारी वरिंदर वालिया ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली कि एक युवक किसी वारदात को अंजाम देने के लिए जगाधरी में गौशाला कॉलोनी मोड के नजदीक संदिग्ध हालत में घूम रहा है। सूचना मिलते ही एएसआई उमेश, मुख्य सिपाही अमरजीत, विपिन व धर्मवीर की टीम का गठन कर मौके पर जांच के लिए भेजा गया। जांच टीम ने दबिश देकर मौके पर पहुंचकर वहां घूम रहे युवक को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर आरोपी की पहचान जगाधरी की गौशाला कॉलोनी निवासी हरप्रीत के रुप में हुई। इस दौरान पुलिस ने आरोपी से वहां घूमने का कारण पूछा तो उसने कुछ भी बताने से मना कर दिया। मगर जब पुलिस ने थोड़ी सख्ती बरती तो उसने बताया कि वह वहां पर किसी वारदात को अंजाम देने के लिए घूम रहा था। उसने यह भी बताया कि गत 19 मई को उसने अपने एक साथी के साथ मिलकर एक्टिवा पर सवार होकर जगाधरी बाजार में जा रही महिला से पर्स छीन लिया था। पुलिस ने तुरंत आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उससे महिला से छीने गए पर्स को बरामद कर लिया। मामले की जांच कर रहे पुलिस की अपराध अन्वेषण शाखा के प्रभारी वरिंदर वालिया ने बताया कि आरोपी हरप्रीत के खिलाफ पहले भी एटीएम तोड़कर चोरी करने व छीना झपटी के पांच मुकदमे दर्ज हैं। जो न्यायालय में विचाराधीन है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

### घर में घुसकर नाबालिग से दुष्कर्म

**यमुनानगर।** प्रतापनगर थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक ने घर ने घर में घुसकर नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया। आरोप है कि युवक द्वारा गलत काम करने में उसके तीन दोस्तों ने उसका साथ दिया है। पुलिस ने पीड़िता का सिविल अस्पताल में मेडिकल करवाया। जिसमें उसके साथ दुष्कर्म की पुष्टि हुई है। महिला पुलिस ने चारों आरोपी युवकों के खिलाफ अलग-अलग धाराओं के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। प्रताप नगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि 19 मई को वह परिवार के साथ किसी काम से बाहर गया था। घर पर उसकी 15 वर्षीय लड़की अकेली थी। इस दौरान उनके गांव का ही समीम उनके घर में घुस गया। आरोपी ने अपने दोस्तों इसराइल, सुवेब व बिलाल की सहायता से उसकी लड़की के साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपी उसकी लड़की को घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देकर गए। जब वह घर पहुंचे तो उसकी लड़की ने उन्हें घटना के बारे में बताया। उसने आरोपियों के खिलाफ 12, 17 व छह पोक्सो एक्ट तथा 333 बीएनएस के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### घर में घुसकर विधवा से की छेड़छाड़

**यमुनानगर।** जठलाना थाना क्षेत्र के एक गांव में व्यक्ति ने एक घर में घुसकर विधवा महिला के साथ गलत काम करने की नियत से छेड़छाड़ की। महिला के शोर मचाने पर आरोपी ने तलवार निकालकर उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जठलाना थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 40 वर्षीय महिला ने बताया कि उसकी पति की कुछ वर्ष पहले मौत हो गई थी। जिसके बाद से वह परिवार के अन्य सदस्यों के साथ घर पर रहती है। 20 मई की रात को वह घर पर सोई हुई थी। इस दौरान उनके गांव बीड माजरी निवासी उसका ननदोई राकेश कुमार उसके कमरे में घुस गया। आरोपी ने आते ही गलत काम करने की नियत से उसके साथ अश्लील हरकतें करनी शुरू कर दी। जब उसने शोर मचाया तो आरोपी ने तलवार निकालकर उसे जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गया। उसने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### एचकेआरएनएल में नौकरी के नाम पर युवती से डेढ़ लाख रुपये हड़पे, दो के खिलाफ केस

**यमुनानगर।** हरियाणा कौशल रोजगार निगम में नौकरी दिलवाने के नाम पर जिला अंबाला के गांव खुड्डा निवासी सुमन से डेढ़ लाख रुपये हड़प लिए गए। आरोप छछरौली निवासी मोहित कुमार व बैंक कॉलोनी निवासी अजय कुमार के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। सुमन ने बताया कि वह पढ़ाई के बाद रोजगार की तलाश में थी। उसकी मुलाकात मोहित कुमार व अजय कुमार के साथ हुई। आरोपियों ने उसे कहा कि उसकी बड़े अधिकारियों के साथ जान पहचान है। वह उसे कौशल रोजगार निगम में नौकरी दिलवा देंगे। जिसका खर्च करीब डेढ़ लाख रुपये का खर्च बताया। उसने विश्वास कर उन्हें तीन दिसंबर 2024 से 20 दिसंबर के बीच डेढ़ लाख रुपये दे दिए। आरोपियों ने उसे जल्द ही नौकरी दिलवाने की बात कही। काफी दिन बाद भी नौकरी नहीं मिली तो बात करने पर आरोपी कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। पैसे वापस मांगने पर पैसे देने से मना कर दिया व उसे झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। जिससे परेशान होकर उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी।



## योग करने से शरीर रहता है स्वस्थ : अरोड़ा

**रादौर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में वीरवार को राजकीय उच्च विद्यालय मंधार में तीन दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर के पहले दिन विद्यार्थियों को यौगिक क्रियाओं का अभ्यास करवाया गया।

प्राचार्य रोहित अरोड़ा ने बच्चों को पदमासन, वज्रासन, भुजंगासन,अर्ध चक्रासन, हलासन, वृक्ष आसन आदि विभिन्न यौगिक क्रियाओं का अभ्यास करवाया। प्रधानाचार्य रोहित अरोड़ा ने बच्चों को योग के लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी। योग करने से मनुष्य का शरीर स्वस्थ रहता है। सभी को आधे से एक घंटा योग अवश्य करना चाहिए। जिला डीसी पार्थ गुप्ता के आदेशानुसार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में विद्यालय में आयोजित किए जा रहे तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर में विद्यार्थियों को यौगिक क्रियाओं का अभ्यास करवाया जाएगा। ताकि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर विद्यार्थी सफलता पूर्वक यौगिक क्रियाएं कर सकें।

# आपरेशन सिंदूर ने विश्वभर में पेश की सेना के शौर्य की अनूठी मिसाल: शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▸▸। यमुनानगर



**यमुनानगर।** न्यू हैप्पी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लेते हुए विद्यार्थी।

न्यू हैप्पी सीनियर सैकेंडरी स्कूल यमुनानगर में वीरवार को ऑपरेशन सिंदूर पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान छठी से 12वीं कक्षा तक के बच्चों ने अद्भुत कलाकारी दिखाते हुए माहौल को देशभक्ति के रंगों से सरोबार कर दिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ चेयरमेन जीएस शर्मा व प्राचार्या कमलेश सिक्का ने किया।

स्कूल चेयरमैन जीएस शर्मा ने बच्चों द्वारा बनाई गई पेंटिंग्स का अवलोकन किया। उन्होंने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने देश की सेना की एक अनूठी मिसाल कायम की है। साथ ही पूरे विश्व में अलग पहचान बनाई है। हमारे देश की सेना की वीरता का जज्बा बच्चों की इन पेंटिग्स में साफ झलक रहा है। आज के बच्चे कल का भविष्य हैं। इसलिए इन्हें अपने देश में हो रही हर घटना की जानकारी के साथ मनोबल बढ़ाने के प्रयास भी करने चाहिए। प्रतियोगिताएं बच्चों में देशभक्ति की भावना का संचार करती हैं। प्राचार्या कमलेश सिक्का ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट पेंटिंग करने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लेकर बच्चों की प्रतिभा में जहां निखार आता है, वहीं, उनका ज्ञानवर्धन भी होता है। उन्होंने बच्चों को इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में बढ़चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

# सतत विकास एजेंडा के लिए जैव विविधता आवश्यक : डॉ. परमार

हरिभूमि न्यूज ▸▸। रादौर

- सीएससी रादौर में कार्यक्रम आयोजित।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रादौर में वीरवार को अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एसएमओ डॉ. विजय परमार ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस हमारी जैव विविधता, हमारा खाद्य एवं हमारा स्वास्थ्य है। इसलिए जैव विविधता को भोजन की उपलब्ध विविधता और स्वास्थ्य चितांओं के उद्देश्य में रखी गयी है। इसका मुख्य उद्देश्य हमारी खाद्य प्रणाली में बदलाव व मानव स्वास्थ्य में सुधार के उत्प्रेरक रूप में भोजन व स्वास्थ्य के आधार के रूप में जैव विविधता को रखना है। अंतरराराष्ट्रीय जैव विविधता का उद्देश्य ऐसे पर्यावरण का निर्माण करना है। जो जैव विविधता में समृद्ध, टिकाऊ एवं आर्थिक गतिविधियों के मिले। इसमें विशेष तौर पर वनों की सुरक्षा, संस्कृति, जीवन के कला शिल्प, संगीत, वस्त्र,भोजन, औषधीय पौधों का महत्व आदि को प्रदर्शित करके जैव विविधता के महत्व और उसके न होने पर होने वाले खतरों के बारे में जागरूक करना है। संयुक्त राष्ट्र ने भी विशेष रूप से कहा कि वर्ष 2030 के सतत विकास एजेंडा के लिए जैव विविधता आवश्यक है। भविष्य की पीढ़ियों हेतु एक जीवित नक्षत्र सुनिश्चित करते हुए वर्तमान जरूरतों को पूरा करने को सतत विकास की एक व्यापक रणनीति पर सहमति बनाई। इस पर 193 सरकारों द्वारा हस्ताक्षर किए गए थे। यूएन ने 20 दिसंबर 2000 को प्रस्ताव पारित करके 22 मई को अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के रूप में मनाने का संकल्प लिया।

# विकास कार्यों के लिए सरकार के पास नहीं धन की कमी : घनश्याम अरोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▸▸। यमुनानगर

नगर निगम के वार्ड नंबर 16 की बावा कॉलोनी में वीरवार को सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा व मेयर सुमन बहमनी ने 38.40 लाख रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का शिलान्यास किया और उनके निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर उद्घाटन किया। मौके पर कॉलोनी के लोगों ने सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा व मेयर सुमन बहमनी के गले में फूलों की मालाएं पहनाकर स्वागत किया।

उन्होंने कहा कि शहर के विकास कार्यों के लिए प्रदेश सरकार के पास धन की कोई कमी नहीं है। बावा कॉलोनी में जिन विकास कार्यों के निर्माण कार्यों का उद्घाटन व शिलान्यास किया। उनमें गलियों में दो सौ मिली मीटर व तीन सौ मिली मीटर की पाइप लाइन बिछाई जाएंगी। जिन पर 38. 40 लाख रुपये का खर्च आएगा।

विधायक ने कहा कि शहर के विकास के लिए सरकार के पास धन की कोई कमी नहीं है। करोड़ों रुपये के विकास कार्य सरकार द्वारा करवाए जा रहे हैं। बावा कालोनी में पाइप लाइन बिछाए जाने से लोगों को लाभ मिलेगा।



### विकास कार्यों में भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं: मेयर

मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि निगम क्षेत्र में विकास कार्यों में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। निगम के हर वार्ड में लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी पहली प्राथमिकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए विकास कार्य किए जा रहे हैं। निगम क्षेत्र में करोड़ों रुपये से वार्डों में पक्की सड़कें, अंडरग्राउंड नालियां, सीवरेज व अनेक भवनों का निर्माण किया जा चुका है। कई वार्डों में विकास कार्य निर्माणाधीन है व जल्द ही पूरे होंगे। अधिकारियों से कहा कि विकास कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही या भ्रष्टाचार सहन नहीं होगा। विकास कार्यों में प्रयोग होने वाली सामग्री की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार का समझौता सहन नहीं किया जाएगा। इस मौके पर रोहित व स्थानीय पार्षद मौजूद रहे।

## -एमएलएन स्कूल में विभिन्न गतिविधियों का किया आयोजन

# विद्यार्थियों को जैव विविधता के प्रति किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▸▸। रादौर

एमएलएन सीनियर सेकेंडरी स्कूल रादौर में वीरवार को अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर विभिन्न शैक्षणिक, सामाजिक एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रुप में जीवनदीप सामाजिक विकास संस्थान से डॉ. अजय कुमार ने भाग लिया।

डॉ. अजय कुमार ने कार्यक्रम में जैव विविधता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने बच्चों को भविष्य में जैव विविधता के पर्यवरणीय क्षेत्र में होने वाले लाभों के बारे में बताया। इसके अलावा उन्होंने विद्यार्थियों को करियर में आगे बढ़ने के लिए जानकारी दी। इस मौके पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत चित्र बनाकर अपनी भावनाओं को व्यक्त किया। जिन्हें उनकी सेल्फी के साथ सांझा भी किया गया। सभी गतिविधियों का संचालन डॉली, मोना चोपड़ा, आरती, संध्या, प्रियंका, शीतलए,पारुल, किरण, कशिता, अदिति चौहान व आंचल ने किया। प्राचार्य प्रमोद ग्रोवर ने सभी शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रयासों एवं सक्रिय सहभागिता के लिए शुभकामनाएं और आभार प्रकट किया।



**यमुनानगर।** रादौर के एमएलएन स्कूल में आयोजित जैव विविधता पर कार्यक्रम में विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए मुख्य वक्ता। *फोटो: हरिभूमि।*



**यमुनानगर।** रादौर में पर्ल किंडरगार्टन विंग स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में फलों की वेशभूषा धारण कर भाग लेते बच्चे। *फोटो: हरिभूमि।*

### फल मेले में बच्चों ने आम व अन्य फलों का चखा स्वाद

**रादौर।** पर्ल किंडरगार्टन विंग स्कूल रादौर में वीरवार को फलों का मेला धूमधाम से मनाया। सभी बच्चे स्कूल में फलों की अलग अलग वेशभूषा पहनकर स्कूल आए। प्राचार्या नेहा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में बच्चों ने आम, सेब, अंगूर, संतरा, अनानास, स्ट्रॉबेरी व तरबूज जैसे विभिन्न फलों की वेशभूषा धारण की हुई थी। बच्चों ने फलों के ऊपर कविताएं भी सुनाई। मेले में सभी तरह के फल बच्चों को खिलाए गए। ऐसे आयोजन से बच्चों को फलों के बारे में जानने व उनके स्वाद के बारे में पता चलता है। टीचर काजल ने बच्चों को ईट हेल्दी स्टे हैल्थी का संदेश दिया। इस अवसर पर पूजा व बबली आदि मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

## भारत जिंदाबाद यात्रा निकालेगी रिपब्लिकन पार्टी

**कुरुक्षेत्र।** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के प्रदेश मीडिया प्रभारी अश्विनी वालिया ने बताया कि पार्टी प्रमुख केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने घोषणा की है कि देशभर भारत जिंदाबाद यात्रा रिपब्लिकन पार्टी निकालेगी। इस के लिए प्रदेश अध्यक्ष रवि सोनू कुंडली के मार्गदर्शन में हरियाणा में भी तैयारी की जा रही है। वालिया ने कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष भारतीय पर्यटकों पर आतंकवादियों ने बर्बर हमला कर 28 लोगों की निर्मम हत्या की। इस आतंकी हमले का बदला लेने के लिए भारत ने सिंदूर ऑपरेशन चलाया, जिसमें पाक अधिकृत कश्मीर में आतंकवादियों के ठिकानों को ध्वस्त करते हुए 100 से अधिक आतंकवादियों को मार गिराया गया।

## कुवि में विस्तार व्याख्यान का आयोजन आज

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के डॉ. भीमराव रामजी अम्बेडकर अध्ययन केन्द्र द्वारा पुण्य श्लोका लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर के त्रिशती जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में राष्ट्र निर्माण में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर का अवदान विषय पर एक दिवसीय विस्तार व्याख्यान का आयोजन शुक्रवार को सीनेट हॉल प्रातः 11 बजे किया जाएगा। जिसकी अध्यक्षता कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा करेंगे।

## डॉ. रजनी व प्रदीप कुमार बने कुवि एकेडमिक कांउसिल के सदस्य

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के आदेशानुसार आईआईएचएस संस्थान की होम साइंस विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. रजनी गोयल को तत्काल प्रभाव से आगामी दो वर्षो के लिए एकेडमिक काउंसिल का सदस्य बनाया गया है। यह जानकारी लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने दी। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के आदेशानुसार कम्प्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशन विभाग के प्रोफेसर डॉ. प्रदीप कुमार को 30 मई, 2025 से आगामी दो वर्षो के लिए एकेडमिक काउंसिल का सदस्य बनाया गया है।

### नगर परिषद की चेयरपर्सन माफी ढांडा ने किया उद्घाटन

# सेक्टर 5 में 20 लाख की लागत से होगा 4 पार्कों का विकास कार्य

लोहे के बैंच, सीसी की सडकों व गलियों की मरम्मत पर होगा विशेष फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



नगर परिषद की चेयरपर्सन माफी ढांडा ने कहा कि प्रदेश सरकार सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास की नीति को आधार मानकर तीन गुणा तेज गति के साथ विकास कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि अब शहर के रुके हुए सभी छोटे और बड़े विकास कार्यों को जल्द शुरू किया जाएगा। नगर परिषद की चेयरपर्सन माफी ढांडा सेक्टर 5 में 20 लाख रुपए की लागत से 4 पार्को में विकास कार्यों का उदघाटन करने उपरांत बातचीत कर रही थी। इससे पहले नगर परिषद की चेयरपर्सन माफी ढांडा, पूर्व नपा अध्यक्षा उमा सुधा ने सेक्टर 5 में 20 लाख रुपए की लागत से 4 पार्को में किए जाने वाले विकास कार्यों का उदघाटन किया। चेयरपर्सन माफी ढांडा ने कहा कि नगर परिषद की तरफ से शहर की पार्कों, लोहे के बैंच, सीसी की सडकों व गलियों की मुरम्मत जैसे विकास कार्यों पर पूरा फोकस रखकर काम किया जाएगा। इसके साथ ही नगरपरिषद के अधिकारी बरसातों से पहले सभी नालियों, नालों और अमरूत नाले को साफ करना सुनिश्चित करेंगे। इसके लिए सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों की संयुक्त टीम शहर का निरीक्षण करे ताकि मौके पर जाकर समस्याओं का पता चल सके। उन्होंने कहा कि जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी सीवरेज व्यवस्था को दुरूस्त करेंगे ताकि बरसातों के दौरान किसी प्रकार की परेशानी का सामना ना करना पडे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निदेर्शानुसार सभी विकास कार्यों को तेजी के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि इन विकास कार्यों की निर्माण सामग्री की गुणवत्ता पर विशेष फोकस रखा जाएगा। इसकी जिम्मेदारी को संबंधित वार्डों के नागरिकों को भी समझना होगा। नगर परिषद की तरफ से लगातार शहर के वार्डों और सेक्टरों में विकास कार्यों पर फोकस रखकर काम किया जा रहा है।

# नगर परिषद कर्मी शहर की कॉलोनियों में लगातार कर रहे सफाई : सतेन्द्र सिवाच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



जिला नगर आयुक्त सतेन्द्र सिवाच ने कहा कि शहर में जलभराव न हो इसके लिए नाले साफ करने का टैंडर देने की प्रकिया जारी है इसके अलावा नगर परिषद के सफाई कर्मचारी शहर की कालोनियों में स्थित छोटी-बड़ी नालियों की सफाई लगातार कर रहे हैं। इसके लिए बकायदा एक वाटसअप ग्रुप भी बनाया हुआ है जिसमें प्रतिदिन की नालों व नालियों की सफाई से संबंधित रिपोर्ट ली जाती है और अधिकारी भी प्रतिदिन फिल्ड में रहकर सफाई कार्यों का जायजा लेते हैं। जिला नगर आयुक्त सतेन्द्र सिवाच बुधवार को थानेसर शहर के नालों व नालियों की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने उपरांत बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मानसून सीजन के दौरान शहर में जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो इसके लिए, उन्होंने पीपली-लाडवा रोड, पीपली से अंबाला रोड, झांसा रोड, अमन पैलेस के पास स्थित नालों पर स्वयं जाकर सफाई का निरीक्षण किया।यदि किसी भी अधिकारी की किसी स्तर पर लापरवाही मिली तो उस पर कड़ा एक्शन लिया जाएगा। इस मौके पर सचिव अशोक कुमार, सफाई निरीक्षक प्रदीप कुमार, आईईसी एक्सपर्ट वीरेंद्र कुमार भारद्वाज, सीनेटेशन ब्रांच से अनूप सिंह, राजेश कुमार व सफाई दरोगा बनारसी की टीम मौजूद थी।

## सभी स्कूल संचालकों को सुरक्षित वाहन पॉलिसी की अनुपालना करना अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानेसर

जिला कार्यक्रम अधिकारी बलजीत कौर ने कहा कि हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्यों मीना कुमारी व मांगे राम ने बाल समस्याओं को लेकर लघु सचिवालय के परिसर में जागरुकता कार्यक्रम में सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी व स्कूल बैग पॉलिसी बारे जानकारी दी गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी बलजीत कौर द्वारा सभी को विभाग द्वारा चलाई जा रही स्कीमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस कार्यक्रम के दौरान आयोग के सदस्य मांगे राम ने कहा कि स्कूल वाहन के लिए सभी स्कूल संचालकों को सुरक्षित वाहन पॉलिसी की अनुपालना करना अनिवार्य है। चालक और कंडक्टर का लाईसेंस, वाहनो का रजिस्ट्रेशन, रूट परमिट की अनुमति मापदंड के अनुसार वाहन का रंग पीला होना, बीमा, प्रदूषन प्रमाण-पत्र, वाहनों में मापदंडो अनुसार स्पीड गर्वनर व जी. पी.एस. लगा हो। बच्चो के सम्बन्ध में किसी भी तरह की कोई लापरवाही नहीं बरती जाएगी।

## कुवि ने घोषित किए 12 परीक्षाओं के परिणाम

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में परीक्षा शाखा द्वारा 12 परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि दिसम्बर 2024 में आयोजित एम.एड. तृतीय सेमेस्टर (आईयूएमएस), बी.एससी/बी.एड. प्रथम, तृतीय, पंचम और सप्तम सेमेस्टर, बी.ए. तृतीय सेमेस्टर (रि-अपीयर), बी.सी.ए. तृतीय सेमेस्टर ( रि-अपीयर ), बीएससी. (होम साइंस) तृतीय सेमेस्टर, बीएफए 7वां सेमेस्टर, एमबीए प्रथम सेमेस्टर (एसएफएस), बी.टेक. 5वाँ सेमेस्टर तथा एमसीए प्रथम सेमेस्टर (रि-अपीयर) आईयूएमएस परीक्षाओं परिणाम घोषित किए हैं।

# महर्षि कश्यप जयंती में प्रदेशभर से लोग पहुंचकर कायम करेंगे रिकॉर्ड : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

- 23 मई को सुबह 10 बजे लाडवा में प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का होगा आयोजन

विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने कहा कि 23 मई को सुबह 10 बजे लाडवा में प्रदेश स्तरीय महर्षि कश्यप जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में हरियाणा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे। उनके साथ प्रदेशभर के कई मंत्रीगण, सांसदगण और विधायकगण भी पहुंचनेंगे। ये समारोह ऐतिहासिक तो होगी ही साथ में कई रिकॉर्ड कायम करेगी। प्रदेश स्तरीय महर्षि कश्यप जयंती में प्रदेशभर से सभी समाज के लोग पहुंचकर एक रिकॉर्ड कायम करेंगे। विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप वीरवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस लाडवा में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने इसके उपरांत अनाज मंडी लाडवा में समारोह स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों को जायजा भी लिया। विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने कहा कि इस कार्यक्रम में प्रदेशभर से सभी वर्ग और सभी समाज के लोग हिस्सा लेंगे।



**लाडवा।** प्रदेश स्तरीय महर्षि कश्यप जयंती की जानकारी देते विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप।

## बच्चों ने वाटर पार्क फन सिटी का किया भ्रमण



**शाहबाद।** सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल के नौवी से बारहवी के 156 विद्यार्थियों को वाटर पार्क फन सिटी का भ्रमण के लिए ले जाया गया। प्राचार्य डॉ. आरएस घुम्मन ने विद्यार्थियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए तथा अनुशासन में रहने के लिए कहा और स्कूल परिसर से बच्चों को रवाना किया। उन्होंने बताया कि स्कूल के माहौल से हटकर कभी कभी ऐसे माहौल बनाने से बच्चों में खुशी की भावना बनी रहती है और पढाई के बोझ से आराम मिलता है। वाटर पार्क में बच्चों ने खूब मस्ती की और वॉटर स्लाइड का आनंद लिया।

# लक्ष्य प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयास करें युवा

- बाबा श्रवणनाथ विद्यालय के बोर्ड परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले छात्रों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा



**पिहोवा।** बाबा श्रवण नाथ स्कूल में बच्चों को सम्मानित करते संत महात्मा व अन्य गणमान्य।

भारतीय शिक्षा समिति की ओर से श्री पंचायती अखाड़ा महानिवार्णी के तत्वाधान में संचालित बाबा श्रवणनाथ सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बोर्ड परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले छात्रों को संत महात्माओं द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से छात्रों का उत्साहवर्धन करने पहुंची श्री पंचायती अखाड़ा महानिवार्णी की महामंडलेश्वर विद्या गिरी ने कहा कि प्रत्येक बच्चे को एक लक्ष्य निर्धारित करके उसकी प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। हार अंत नहीं होती, बल्कि उसे कड़ी मेहनत और लगातार प्रयास से जीत में बदला जा सकता है। श्रीमहंत बंसी पुरी ने कहा कि 1962 से लगातार अखाड़ा स्कूल का संचालन करता आ रहा है। विभिन्न संत महात्माओं ने यहां संस्कार युक्त शिक्षा पद्धति पर बल दिया। जिसके परिणाम स्वरूप यहां से निकले छात्र शासन, प्रशासन और अन्य क्षेत्रों में राष्ट्र की सेवा कर रहे हैं। समिति के सचिव भूषण गौतम ने बताया कि अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी और संगमेश्वर मंदिर के सचिव महंत विश्वनाथ गिरी की प्रेरणा एवं आशीर्वाद से दसवीं कक्षा में 60 बच्चों में से 18 ने मेरिट ली और 90 प्रतिशत बच्चों प्रथम श्रेणी में जगह बनाई। 12वीं कक्षा में 74 में से 8 बच्चों ने मेरिट में अपना नाम दर्ज कराया।



## मेजर नितिन बाली स्कूल में नए संस्कार केंद्र का किया उद्घाटन

**कुरुक्षेत्र।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान एवं हिंदू शिक्षा समिति हरियाणा के तत्वाधान में चल रहे मेजर नितिन बाली गीता निकेतन विद्या मंदिर, सुंदरपुर में विद्यालय प्रबंध समिति के प्रबंधक रामचंद्र सैनी ने अभिभावक निर्मल सिंह सैनी सुपुत्र श्री बंता राम सैनी के माध्यम से विद्यालय प्रांगण में नए संस्कार केंद्र का विधिवत उद्घाटन किया। विद्यालय प्रबंधक ने संस्कार केंद्र के विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री प्रदान की। मौके पर विद्यालय प्राचार्या मंजुला शर्मा और संस्कार केंद्र संचालिका बबीता उपस्थित रहे। विद्या भारती द्वारा संचालित संस्कार केन्द्रों में ऐसे विद्यार्थियों को शिक्षा एवं संस्कार दिए जाते हैं जो विद्यार्थी आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण या तो विद्यालय नहीं जा पाते और शिक्षा तथा संस्कार ग्रहण करने से वंचित रह जाते हैं।

## सिख मिशन हरियाणा ने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**कुरुक्षेत्र।** सिख मिशन हरियाणा द्वारा हरियाणा राज्य के विभिन्न स्कूलों में चलाए जा रहे धार्मिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता कार्यक्रम के तहत आज विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। यह समारोह निकटवर्ती गांव मांडी स्थित ब्राइट फ्यूचर इंटरनेशनल अकाल अकैडमी में संपन्न हुआ। इस अवसर पर सिख मिशन हरियाणा के इंचार्ज सुखविंदर सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता का आयोजन धर्म प्रचार कमेटी, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, श्री अमृतसर साहिब की ओर से किया गया है। कार्यक्रम का उद्देश्य सिख इतिहास, गुरमत विचारधारा तथा धार्मिक मूल्यों को नयी पीढ़ी तक पहुंचाना और बच्चों में आध्यात्मिकता व नैतिकता के प्रति रुचि पैदा करना है। यह सभी प्रतियोगिताएं श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी, भाई सती दास जी, भाई मती दास जी और भाई दियाला जी की 350वीं शहादत शताब्दी एवं श्री गुरु गोबिंद सिंह जी की 350वीं गुरतागद्दी शताब्दी को समर्पित गुरमत समागमों की श्रृंखला का हिस्सा हैं। इन समागमों के तहत हरियाणा के विभिन्न विद्यालयों में धार्मिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं एसजीपीसी के वरिष्ठ उप-प्रधान रघुजीत सिंह विर्क के मार्गदर्शन में आयोजित की गईं। प्रतियोगिता के नतीजों में प्रथम स्थान अंशनूर सिंह, कुलदीप सिंह और गुरवीर सिंह ने प्राप्त किया, जबकि द्वितीय स्थान शगनप्रीत कौर, हरलीन कौर और सिमरन कौर को प्राप्त हुआ। इन मेधावी विद्यार्थियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया और उन्हें पुरस्कार स्वरूप मेडल प्रदान किए गए। इसके साथ ही, सभी प्रतिभागियों को भी मेडल देकर प्रोत्साहित किया गया।





## महाराणा प्रताप विद्यालय में किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य विषय पर सेमिनार

**कुरुक्षेत्र।** मंडलीय बाल कल्याण अधिकारी रोहतक एवं राज्य नोडल अधिकारी अनिल मलिक ने कहा कि हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की राज्यस्तरीय परियोजना बाल सलाह, परामर्श व कल्याण केन्द्रों की स्थापना के तत्वावधान में किशोरों का मानसिक स्वास्थ्य विषय पर सेक्टर 7 स्थित महाराणा प्रताप पब्लिक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सेमिनार आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि उत्साह, ऊर्जा, जोश, जिज्ञासा से लबालब और विभिन्न जैविक भावनात्मक सामाजिक करियर पीयर ग्रुप और बहुत सी चुनौतियां से परिपूर्ण किशोरावस्था होती है। माता-पिता, शैक्षणिक प्रतिस्पर्धा, सामाजिक दबाव, प्रौद्योगिकी के बढ़ते दबाव के कारण किशोरों में तनाव, चिंता, द्वंद, कुंठा, अवसाद की स्थिति पनपती है। उन्होंने कहा कि स्क्रीन टाइम को सीमित करके, यथार्थवादी बने रह कर, आभासी नहीं वास्तविक जीवन से जुड़ाव कायम करके, बच्चों को मोबाइल की लत से बाहर निकला जा सकता है। शारीरिक स्वास्थ्य की तरह ही मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चर्चा और विभिन्न समस्याओं के समय रहते निदान की आवश्यकता होती है। अनिल मलिक ने जिला बाल कल्याण परिषद और स्कूल संस्थान की प्रशंसा की तथा आग्रह किया कि यह क्रम थमने ना पाए क्योंकि मनोवैज्ञानिक परामर्श सेवाएँ निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है।

## हरियाणा राज्य महिला आयोग चेयरपर्सन रेणू भाटिया ने की जेल में सुविधाओं की जांच

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा राज्य महिला आयोग पंचकूला चेयरपर्सन रेणू भाटिया द्वारा जिला जेल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने महिला वार्ड में पहुंच कर महिला बन्दियों से उनके रहन-सहन व उनको मिलने वालीं सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसके अतिरिक्त पुरूष बन्दियों की जेल में समस्या के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। महिला व पुरूष बंदियों द्वारा जिला जेल पर कोई भी समस्या नही होने बारे बताया गया। इसके अतिरिक्त रेणू भाटिया द्वारा अपने विचार व्यक्त करते हुए बुराई की राह छोड़कर अच्छाई की राह पर चलने का सन्देश दिया और भविष्य में बन्दियों से बुरी आदतों को छोड़ने का संकल्प दिलवाया। इस अवसर शिवेन्द्र पाल, उप-अधीक्षक जेल ने अपने संबोधन में कहा कि जेल प्रसाशन समय समय जेल बंदियों की समस्याए पूछी जाती है और अगर कोई समस्या होती है तो उन्हें दूर किया जाता है। रेणू भाटिया के साथ सविता राणा, प्रोटक्शन ऑफिसर, कुसुम कम्बोज, सी.डी.पी.ओ., शैलजा सैनी, वन स्टॉप सैन्टर इन्चार्ज, कुलबीर कौर एवं बलजीत सिंह निरीक्षक हरियाणा पुलिस साथ थे।



## प्रतियोगिता के विजेताओं को दिया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद



गीता विद्या मंदिर शाहाबाद मारकंडा में लोकमाता अहिल्याबाई जी के 300वें जयंती वर्ष के उपलक्ष में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत विकास परिषद से आए सदस्यों डॉ परमजीत पाहवा अध्यक्ष, गीता विद्या मंदिर, अमरनाथ शर्मा प्रबंधक, गीता विद्या मंदिर, अनिल अरोरा , दीपक गुप्ता अध्यक्ष, कंवल गाबा सचिव, हेमंत बंसल वित्त सचिव, दीपक आर्या अध्यक्ष, सुभाष ढींगरा, आनन्द वधावन, सुमित सिंगला, संजीव सिंगला, अनु सिंगला, सुनीता पाहवा, किरण शर्मा, रविंद्र गर्ग, रेणुका बंसल, मीतू गाबा, सुनिधा अरोरा, प्रतिमा पंडित का तिलक से स्वागत करके किया गया। विद्यालय के प्रबंधक अमरनाथ शर्मा ने भारत विकास परिषद के सेवा और संस्कार से पूर्ण कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने शाखा स्तर से राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी की किस प्रकार भारत विकास परिषद संपर्क, सहयोग, सेवा, संस्कार और समर्पण को एक साथ लेकर चलता है। आए हुए अतिथियों में से सुभाष ढींगरा और आनंद वधावन ने देशभक्ति से ओत-प्रोत गीत गाए। बच्चों को अहिल्याबाई की जीवनी पर आधारित एक वीडियो भी दिखाई गई। प्रतियोगिता में कक्षा तीसरी से हार्दिक, कक्षा पांचवी से नवप्रीत, कक्षा छठी से वेदिका, सातवीं से दीपिका और हरमन, कक्षा आठवीं से प्रतीक्ष और वंशिका तथा कक्षा दसवीं से दिव्या को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

**गतिविधि** | कुवि के यूआईईटी संस्थान में टेक्नोकल्चर एक्सेलसियर 2025 का हुआ आगाज

# विद्यार्थियों की तकनीकी शिक्षा में सुधार व कौशल विकास करता है एक्सेल्सियर कार्यक्रमः प्रो. ढींगरा

कार्यक्रम में तकनीकी व सामान्य 30 प्रतियोगिताओं का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ के कुशल नेतृत्व में एक्सलसियर विद्यार्थियो की तकनीकी शिक्षा में सुधार लाने में कौशल विकास के साथ समस्या समाधान का प्रशिक्षण प्रदान करने और इससे जुड़ी तमाम गतिविधियों को क्रियान्वयन करने के लिए समागम का कार्य करता है। यह उद्गार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूआईईटी संस्थान द्वारा आयोजित टेक्नोकल्चर एक्सेलसियर 2025 का उद्धघाटन करते हुए डीन इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी तथा यूआईईटी संस्थान के निदेशक प्रो. सुनील ढींगरा ने प्रकट किए। प्रो. सुनील ढींगरा ने कहा की एक्सेल्सियर 2025 तकनीकी शिक्षा, कला और स्वास्थ्य का संगम है क्योकि संस्थान के सभी विभागों के विद्यार्थी अपने-अपने विभागों में अपनी तकनीक की प्रतिस्पर्धा में भाग लेकर समय के साथ प्रयोग के जाने वाली तकनीक को परस्पर साझा करते है। जब भी विद्यार्थी किसी इंडस्ट्री या कम्पनी में जाते है उनकी तकनीकी मानसिकता बड़ी जिज्ञासु और प्रभावशाली होती है। सेहत से जुड़ी विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों की उत्सुकता अग्रणी रूप से देखी जा रही है। तीनो एक्टिविटी का समावेश एक्सेल्सियर को प्रभावी बना रहा है।



एक्सलसियर के संयोजक डॉ. अजय जांगड़ा ने बताया कि कार्यक्रम में तकनीकी व सामान्य 30 प्रतियोगिताएं आयोजित की जिनमें मुख्य रूप से इंटरफेस डिजाइन, ब्लाइंड कोडिंग, प्रोग्रामर डेट, लोगोपीडिया, टेक्निकल टॉक, डिजाइन चौलेंज सॉल्विंग मैकेनिक्स, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, ब्रेनस्टॉर्म, बायो क्विज, डीएनए शो, बायोहंट, डिबेट कंपटीशन, आईओटी शोकेस, सर्किट प्रॉब्लम्स, सोल्डरिंग कंपटीशन, डिजिटल इलेक्ट्रॉनिक्स क्विज, इलेक्ट्रॉनिक सुडोकू, रंगोली, ट्रेजर हंट, वॉल पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग, बैटल ऑफ बेडस, मोमेंटम मेकिंग, फोटोग्राफी आदि प्रतियोगिताओं में यूआईईटी के छात्रों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर कार्यक्रम की सहसंयोजिका डॉ. पूनम डबास, डॉ. दीप्ति चौधरी, डॉ. प्रज्ञा चांदी, डॉ. रविंद्र चौधरी, डॉ. प्रियंका जांगड़ा, डॉ राजेश दहिया, डॉ. राजेश अग्निहोत्री, दीपक शर्मा, रविंद्र तोमर, हरिकेश पपोसा, हर्षित प्रकाश, अदिति, गौरव सहित बड़ी संख्या में संस्थान के शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### नारायणगढ़ः चित्रकला का किया आयोजन

**नारायणगढ़।** श्रीमद्भगवत गीता वरिष्ठ माध्यामिक विद्यालय के प्रिंसिपल बलवंत ने बताया कि सरकार के आदेशानुसार सभी विद्यालयों में 21 मई से ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के कार्यक्रम के निमित कुछ आयोजन बच्चों के द्वारा किए जाने हैं। इसी कड़ी में श्रीमद्भगवत गीता वरिष्ठ माध्यामिक विद्यालय में राष्ट्र को समर्पित चित्रकला का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने भारतीय सेना ने किए ऑपरेशन सिंदूर के चित्र, वायुसेना, थलसेना और जलसेना के सैनिकों के चित्र बनाए। प्राचार्य बलवंत ने बच्चों द्वारा बनाए गए चित्रों की सराहना की।

### लाल डोरा प्रमाण पत्रों का वितरण आरंभ

**नारायणगढ़।** नगरपालिका द्वारा शहर में लाल डोरा प्रमाण पत्रों का वितरण आरंभ कर दिया है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत अब तक लगभग 15 नागरिकों को उनके संबंधित प्रमाण पत्र वितरित किए जा चुके हैं। नगरपालिका सचिव मोहित कुमार ने बताया कि नगर पालिका क्षेत्र में जिनके पास लाल डोरा क्षेत्र में संपत्ति है, वे शीघ्र अपने आवश्यक दस्तावेज नगर पालिका कार्यालय में जमा कराएं, ताकि उनके प्रमाण पत्र भी समय पर बनाए जा सकें। यह पहल संपत्ति से संबंधित वैधानिक मान्यता प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### नायब तहसीलदार ने सुनीं समस्याएं

**नारायणगढ़।** उपमंडल स्तर आयोजित समाधान शिविर में नायब तहसीलदार संजीव अत्री ने लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने विभागों के अधिकारियों को समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। बता दें कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक सप्ताह सोमवार और वीरवार को प्रात 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर जिला व उपमंडल स्तर पर आयोजित किए जा रहे हैं।

### त्रैमासिक समीक्षा बैठक आयोजित

**अंबाला।** अतिरिक्त उपायुक्त ब्रह्मजीत सिंह की अध्यक्षता में उनके कार्यालय में डीसीपीसी और सीडब्ल्यूसी की त्रैमासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में बाल संरक्षण हितधारकों के सदस्यों के साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई तथा अतिरिक्त उपायुक्त ने बाल संरक्षण के क्षेत्र में संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिसमें प्रायोजन गोद लेना, पोक्सो से संबंधित व विशेष राहत के मामले शामिल हैं। अतिरिक्त उपायुक्त ने बैठक में एजेंडे में रखे बिंदूवार समीक्षा की।

### झगड़े के केस में किशोर को संरक्षण में लिया

**अंबाला।** थाना नग्गल में दर्ज लड़ाई-झगड़े के मामले में पुलिस ने आरोपी सागर को गिरफ्तार किया है। इसी मामले में एक किशोर को भी हिरासत में लिया गया है।




परिवादी विनीत ने 17 मई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 16 मई 2025 को आरोपी सागर व अन्य ने उससे लड़ाई-झगड़ा कर उसे चोट पहुंचाई हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी को पकड़ा

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए टू ने आरोपी मंयक को गिरफ्तार किया है। उसे दो दिन के रिमांड पर लिया गया है।



टाकीज रोड के रहने वाले प्रशांत ने 29 अप्रैल को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी ने उसके घर का ताला तोड़कर एक बड़ी रकम व जेवरात चोरी किए है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

# युवाओं को खोखला कर रहा नशा, हर युवा को नशे के खिलाफ लेनी होगी शपथ

**अंबाला।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की ओर से नशे के समूल नाश के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। अपराधियों की नाक में नकेल डालने के साथ साथ विभिन्न प्रकार से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इनमें नूण लोटा संकल्प, बकेट चैलेंज स्वीकार करना, नुक्कड़ नाटक और जागरूकता कार्यक्रम के साथ साथ साइकिल यात्रा निकाल कर एक जनांदोलन खड़ा करने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। इस कड़ी में ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा साइकिल से पुनः अंबाला पहुंचे। यहां हरियाणा राज्य भारत स्काउट्स एंड गाइड्स द्वारा राज्य स्तरीय शिविर आयोजित किया गया है जिसमें राज्य के विभिन्न ज़िलों के 160 स्काउट्स, 20 स्काउट्स मास्टर और 5 कर्मचारी पहुंचे हुए थे। वर्मा ने उन्हें नशे के विरुद्ध जागरूक किया।

## हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की ओर से पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा अभियान



अंबाला। नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान के प्रभारी एसआई डॉ. अशोक वर्मा।

डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि नशे के कारण घर और परिवार, समाज बहुत अधिक प्रभावित हो रहा है। घर बिखर रहे हैं। समय से पूर्व युवा नशे की दलदल में जाकर अपनी जीवन लीला समाप्त करने पर उतारू हैं। उन्होंने प्रतिबंधित और चेतावनी युक्त दो प्रकार के नशों को परिभाषित करते हुए कहा कि यद्यपि दोनों प्रकार बहुत अधिक घातक है तो भी प्रतिबंधित बहुत ही अधिक क्षतिकारक है। उन्होंने हुक्के पर भी अपनी बात रखते हुए कहा कि यह भी समाज में एक भ्रान्ति के रूप में बढ़ रहा है जो आगे ई -हुक्का में परिवर्तित हो रहा है। यह चिंता का विषय है। इसका भी त्याग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा एनडीपीएस एक्ट बनाकर इन पर नकेल कसने का कार्य दृढ़ता से किया जा रहा है तथापि जागरूकता के द्वारा भी लोगों को नशे के दुष्परिणाम बताये जा रहे हैं। इसका भारत की संस्कृति और युवा शक्ति पर नकारात्मक प्रभाव असहनीय है। कोई भी व्यक्ति हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर अथवा 1933 पर अथवा मानस पर नशे के विरुद्ध गुप्त सूचनाएं देकर सच्चे नागरिक का कर्तव्य निर्वहन कर सकता है। कार्यक्रम के अंत में शपथ ग्रहण करवाई गई। कार्यक्रम के संयोजक अनिल कौशिक ने डॉ. वर्मा और ब्यूरो का धन्यवाद किया। तत्पश्चात वे साइकिल लेकर आगामी लक्ष्य के साथ महेश नगर होते हुए विभिन्न गांव के मार्ग से खुड्डा, खारूखेड़ा, मुगलई, मिट्ठापुर, तेपला, जवाहरगढ़ और साहा पहुंचे।

## अफीम-गांजा तस्करी के दो बड़े मामलों का भंडाफोड़

# 7 किलोग्राम नशीले पदार्थों के साथ दो आरोपी काबू, पुलिस रिमांड पर गहन पूछताछ कर रही

एक आरोपी को रेलवे स्टेशन से किया गया गिरफ्तार, दूसरे को स्थानीय पुलिस ने पकड़ा। पुलिस की बड़ी कामयाबी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

नशे पर वार

पुलिस ने अफीम व गांजा तस्करी के दो बड़े मामलों का भंडाफोड़ किया है। इस सिलसिले में पुलिस ने दो आरोपियों को काबू किया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस को भारी मात्रा में अफीम व गांजा व जब्त किया है। जब्त किए गए नशीले पदार्थों की कीमत लाखों रुपये आंकी जा रही है। अब पुलिस आरोपियों को रिमांड के जरिए गहन पूछताछ कर रही है।




### 3.900 किलोग्राम गांजा बरामद

नशा तस्करी के दूसरे मामले में पुलिस ने एक तस्कर से 3 किलो 900 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल को एक सूचना मिली थी। इसके आधार पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने बताया कि अंबाला पुलिस द्वारा नशा तस्करी को रोकने के लिए लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि थाना पंजोखरा क्षेत्र के गांव कलरहेड़ी के पास से इस नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सुमन कुमार वासी गांव भवानी पट्टी थाना छातापुर जिला सुपौल बिहार के रूप में हुई है। इस मामले में पुलिस आरोपी से गहनता से पूछताछ कर रही है। पता चला है कि तस्कर के कई स्थानीय लोगों से तार जुड़े हैं। इसी आधार पर अब पुलिस तस्करी के इस मामले में शामिल दूसरे आरोपियों को पता लगाने का प्रयास कर रही है।

### पहला मामला: 3.25 किलोग्राम अफीम जब्त

तस्करी का पहला मामला अंबाला कैंट स्टेशन का है। यहां चेकिंग के दौरान आरपीएफ ने एक युवक को नशीले पदार्थ की तस्करी करते हुए पकड़ा है। आरपीएफ एसआई निर्मल ने बताया कि अंबाला कैंट स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 पर एक युवक की गतिविधियां संदिग्ध लगी थी। इसके बाद आरपीएफ टीम ने शक के आधार पर उसकी तलाशी ली तो उसके बैग से भारी मात्रा में अफीम बरामद हुई। आरोपी के बैग से लगभग 3 किलो 25 ग्राम अफीम मिली। इसके बाद आरपीएफ की टीम ने उसको हिरासत में ले लिया। आरपीएफ के अधिकारी अब आरोपी से गहन पूछताछ कर रहे हैं। जब्त अफीम की अनुमानित कीमत 8.12 लाख रुपये आंकी गई है। एसआई निर्मल के अनुसार आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी की पहचान वीरेंद्र डांगी वासी गांव उंटा झारखंड के तौर पर हुई है। आरोपी की उम्र लगभग 40 वर्ष है। आरोपी को अब अदालत में पेश करने की तैयारी हो रही है। इसके साथ ही आरोपी के पुराने आपराधिक रिकॉर्ड भी खंगाला जाएगा।

# मुलाना में कार चालक ने छात्रा से किया दुष्कर्म

## सड़क किनारे फेंककर फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

एक गांव की छात्रा ने कार चालक पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। छात्रा स्कूल से लौट रही थी। आरोपी युवक सड़क किनारे पीड़ति को फेंककर चला गया। पीड़िता रोती हुई घर पंहुची। इसके बाद परिजनों को सारी वारदात बताई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर कार चालक के खिलाफ मामला दर्जकर कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में पीड़िता ने बताया कि बीते रोज वह स्कूल से लौट रही थी। दोपहर करीब 2:45 बजे साढौरा- दोसड़का रोड पर निजी पैलेस के पास एक सिल्वर रंग की कार आकर रुकी। उसका आरोप है कि कार चालक जबरन उसे अंदर बिठा लिया। इसके बाद आरोपी चालक ने छात्रा के साथ दुष्कर्म किया।

- साढौरा- दोसड़का रोड पर दोपहर करीब 2 :45 बजे जबरन कार में उठा लिया था

इसके बाद आरोपी छात्रा को सड़क किनारे गिरा कर फरार हो गया। पीड़िता ने बताया कि न तो उसे चालक का नाम पता है न ही उसकी कार की पहचान है। अब पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही है। पुलिस की मानें तो आरोपी को जल्द ही काबू कर लिया जाएगा।

### हाई सिक्योरिटी नंबर को लेकर चेकिंग अभियान शुरू

**अंबाला।** नंबर प्लेट के लिए पुलिस विभाग सख्त हो गया है। एसपी के निर्देश पर अधिकारियों को निर्देश दिए गए थे जिसके बाद अब पुलिस अधिकारी इसके लिए जगह जगह अभियान चला रहे हैं। अभी तक जिले में कई तरह की नंबर प्लेट वाहनों पर लगी होती हैं। जिस वजह से कभी-कभी पुलिस को नंबर प्लेट रीड करने में दिक्कत होती है। जिस कारण अब हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने के लिए निर्देशित किया है। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने बताया कि सभी ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को यह निर्देश दिए गए हैं जो वाहन बिना नंबर प्लेट या एचएसआरपी नहीं लगी हो उसके चालान किए जाएं। बता दें कि पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अब जिले में सभी वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट अनिवार्य कर दी जाए। इसके लिए एक्शन प्लान बनाने के लिए एसपी ने अधिकारियों को कहा है। साथ ही उन्होंने जल्द ही इसे लागू करने के लिए निर्देश भी दिए हैं। एसपी अंबाला अजीत सिंह शेखावत ने बताया कि अंबाला पुलिस द्वारा यातायात के नियमों की पालना करने के लिए विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं।

- नहीं होने पर किया जाएगा चालान



### डीपीसी ने किया उगाला के सरकारी स्कूल का औचक निरीक्षण

बराड़ा। पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उगाला का जिला परियोजना संयोजक (डीपीसी) ज्योति रानी ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरे के दौरान उनके साथ डिप्टी डीईओ प्रमोद राणा एवं अशोक कुमार भी थे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय में संचालित विभिन्न शैक्षणिक और सहशैक्षणिक सुविधाओं का गहन अवलोकन किया। इनमें आईईडी लैब, मिड डे मील, किचन गार्डन, पुस्तकालय, कंप्यूटर लैब, कक्षा कक्ष, विज्ञान प्रयोगशाला, गणित प्रयोगशाला, आईटी लैब और हर्बल पार्क प्रमुख रहे। निरीक्षण के पश्चात उन्होंने विद्यालय को प्राप्त विभिन्न अनुदानों (ग्रांट्स) की स्थिति की समीक्षा की और विद्यालय की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। साथ ही भविष्य में विद्यालय के समग्र विकास के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए। विद्यालय आगमन पर प्राचार्य जगदीश मेहरा द्वारा अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

## एआई दवा खोज और स्वास्थ्य सेवाओं में निभा रहा क्रांतिकारी भूमिका

**अंबाला।** जीएमएन कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. रोहित दत्त ने विश्वकर्मा यूनिवर्सिटी पुणे में आयोजित एक सप्ताह के फेकल्टी डिवेलपमेंट प्रोग्राम में अतिथि वक्ता के रूप में अपनी बात रखी। उनकी बात का विषय था "दवा खोज और स्वास्थ्य देखभाल प्रथाओं में आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस का उदय"। डॉ. दत्त ने बताया कि एआई दवा खोज से लेकर रोग निदान और उपचार तक में क्रांति ला रहा है। एआई की मदद से स्वास्थ्य सेवाएं अधिक व्यक्तिगत और प्रभावी हो सकती हैं। बड़े डेटा का विश्लेषण करके रोगों के पैटर्न की पहचान की जा सकती है, जिससे डॉक्टरों को अधिक सटीक निदान और उपचार में मदद मिल सकती है। उन्होंने बताया कि ये तकनीके चिकित्सा के क्षेत्र में नए उत्पाद विकसित कर रही हैं जो नवाचार और प्रौद्योगिकी के साथ-साथ रोगी-मित्र भी हैं। 3डी प्रिंटिंग तकनीक के माध्यम से एक ही टेबलेट में कई दवाओं को फॉर्मूलेट किया जा सकता है। नेनोरोबोट्स शुगर के स्तर के अनुसार इंसुलिन या अन्य दवाओं का रिलीज कर सकते हैं। डॉ. दत्त ने कहा कि एआई तकनीक लगातार विकसित हो रही है और भविष्य में इसके और भी अधिक अनुप्रयोग देखने को मिलेंगे। एआई न केवल रोगों के इलाज में मदद करेगा, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ और किफायती भी बनाएगा। प्रोग्राम में भाग लेने वाले फैकल्टी सदस्यों ने डॉ. दत्त के विचारों को बहुत प्रेरणादायक पाया और एआई के क्षेत्र में और अधिक शोध करने के लिए प्रेरित हुए। कार्यक्रम ने विश्वकर्मा यूनिवर्सिटी, पुणे के फैकल्टी सदस्यों को अपने ज्ञान और कौशल को बढ़ाने का एक अच्छा अवसर प्रदान किया।

# नगर परिषद ने तय नहीं किया दुकानों का किराया, किरायेदारों की गुहार

## मंत्री विज ने नप सचिव को तुरंत कार्रवाई के आदेश दिए

मंत्री विज ने आवास पर अंबाला छावनी विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

मंत्री अनिल विज ने वीरवार को अपने आवास पर अंबाला छावनी विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याओं को सुनते हुए मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के दिशा-निर्देश दिए। नगर परिषद की दुकानों के किराएदारों ने मंत्री को शिकायत देते हुए कहा कि नगर परिषद उनकी दुकानों का किराया तय नहीं कर रही है। न ही उनका किराया जमा करवा रही है। इस पर मंत्री अनिल विज ने ईओ को इस मामले में कार्रवाई के दिशा-निर्देश दिए। गांव पंजोखरा साहिब से आए निवासियों ने अपनी समस्या बताते हुए कहा कि तोपखाना से पंजोखरा साहिब रोड पर कालोनी में नाला बन रहा है। यह नाला उनकी कॉलोनी तक बनाया जाए। इस पर मंत्री ने संबंधित विभाग को कार्रवाई के निर्देश दिए।



अंबाला। लोगों की शिकायतें सुनते मंत्री अनिल विज। फोटो : हरिभूमि

### कंपनी ने महिला को जबरन निकाला

अंबाला छावनी की महिला ने शिकायत में कहा कि वह मल्टीनेशनल कंपनी में डिवेल्पर के तौर पर काम करती थी। कंपनी ने उसे जबरन निकाल दिया। कंपनी से निकालने के बाद उसके लाभ की भिन्न-भिन्न राशि नहीं दी गई। मामले में उसने लेबर कोर्ट में केस दायर किया। इसके बाद कंपनी ने तीन लाख रुपया सेटलमेंट अमाउंट तय किया मगर यह राशि भी उसे अब तक नहीं मिली है। श्रम मंत्री ने इस मामले में लेबर कमिश्नर को जांच के निर्देश दिए। इसी प्रकार गणपति कांप्लेक्स के दंपति ने उनकी दुकान का मीटर किसी और के नाम होने पर आ रही परेशानी से अवगत कराया। बब्याल के कई युवाओं ने एक कंपनी के खिलाफ शिकायत देते हुए उन्हें नौकरी से निकालने और वेतन नहीं देने की शिकायत दी। एक महिला ने घर का मीटर खराब होने, महेशनगर के परिवार ने मीटर की गलत रीडिंग के कारण बिल लाखों में आने व अन्य शिकायतें आई जिस पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को कार्रवाई के दिशा-निर्देश दिए।

## सीएम ने सभी सड़कों के निर्माण के लिए फंड को दी मंजूरी

# 4.29 करोड़ की लागत से छह सड़कों की बदलेगी तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

प्रदेश के सीएम नायब सैनी ने विधानसभा की छह सड़कों के निर्माण के लिए 4.29 करोड़ रुपये के फंड को मंजूरी दी है। इन सड़कों के निर्माण से वाहन चालकों के बड़ी राहत मिलेगी। पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र की छह प्रमुख सडक़ों के सुदृढ़ीकरण एवं मजबूतीकरण के लिए राज्य सरकार द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इस कार्य पर कुल 4 करोड़ 29 लाख 50 हजार रुपये की राशि खर्च की जाएगी। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का धन्यवाद करते हुए कहा कि इन सडक़ों का सुदृढीकरण होने से लोगों को बेहतर आवागमन में सुविधा मिलेगी।

पूर्व विधायक ने जताया आभार

इन सड़कों के निर्माण से वाहन चालकों के बड़ी राहत मिलेगी

### इन स्वीकृत सडक़ों का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा

*सैनी ने बताया कि उन्होंने सीएम से मिलकर इन सडक़ों के सुदृढ़ीकरण किए जाने का अनुरोध किया था और सीएम द्वारा जनहित से जुड़े इस कार्य को पूरा करने में तनिक भी देर नहीं की। स्वीकृत सडक़ें जिनका सुदृढ़ीकरण किया जाएगा उनमें लिंक रोड पिलखनी से रच्छेड़ी, लिंक रोड़ शाहपुर की टपरियां, एनएच 72 से रामगढ़ तक लिंक रोड़, जगाधरी-अंबाला रोड से नगला-शाहिबपुर तक लिंक रोड तथा जोली से बाकरपुर हडबौन रोड़ तक लिंक रोड़ को मजबूत एवं सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। पूर्व विधायक ने कहा कि इन सडक़ों के निर्माण से क्षेत्र की जनता को बेहतर आवागमन की सुविधा मिलेगी और विकास को गति मिलेगी। सडक़ों के सुदृढ़ीकरण से क्षेत्रवासियों को बड़ा लाभ मिलेगा, यातायात सुगम होगा, समय और ईंधन की भी बचत होगी।*

**सड़कों पर शीघ्र ही निर्माण कार्य शुरू होगा**

पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने कहा कि इन सडक़ों के सुधार से न केवल आवागमन आसान होगा बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था और व्यापारिक गतिविधियों को भी बल मिलेगा। उन्होंने बताया कि इन सडक़ों पर शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ शुरू होगा। यह परियोजना क्षेत्र के आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### ट्रांसफर ड्राइव से पहले पदों की युक्तिकरण में खामियों को किया जाए दूरः रमेश कुमार

**अंबाला।** हरियाणा स्कूल शिक्षा विभाग ने जून में की जाने वाली अध्यापक ट्रांसफर ड्राइव से पहले पदों की युक्तिकरण प्रक्रिया को लगभग अंतिम रूप देकर सभी स्कूलों की एमआईएस पोर्टल पर भेज दिया है। इसमें काफी खामियां हैं। सभी हाई स्कूलों में पीजीटी अध्यापकों के पदों को लगभग समाप्त कर दिया है। इसके साथ ही अन्य विषयों के पीजीटी पदों भी कम कर दिया है। राजकीय अध्यापक संघ हरियाणा-70 संबंधित कर्मचारी महासंघ के जिला प्रधान रमेश कुमार और जिला महासचिव पुष्पिंदर धारीवाल ने कहा कि 6 से 8 और 9 से 12 के लिए पदों का युक्तिकरण छात्रों की संख्या की आधार पर अलग अलग हो। क्योंकि अध्यापक चयन प्रकिया के दौरान 6 से 8 और 9 से 12की छात्र संख्या के आधार पर पदों का निर्धारण अलग अलग होता है।



रमेश कुमार।

दूसरा अभी स्कूलों में दाखिला प्रकिया जारी है।दसवीं के रिजल्ट के बाद अभी ग्यारहवीं में दाखिले चल रहे हैं इसलिए अभी की छात्र संख्या के आधार पर पदों का युक्तिकरण करने से काफी पद समाप्त हो गए हैं जो कि गलत है। इससे बाद में स्कूलों में अध्यापकों की कमी हो जाएगी। राजकीय अध्यापक संघ मुख्यमंत्री,शिक्षा मंत्री और स्कूल शिक्षा निदेशालय से मांग करता है कि ट्रांसफर ड्राइव को चलाने से पहले पदों की युक्तिकरण की खामियों को दूर किया जाए।